# सरदार रसाला ने महाराजा सरदार सिंह कप का प्रदर्शन मैच जीता




जोधपुर पोलो के संरक्षक गजसिंह ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को कप व ट्रॉफियां प्रदान की।

**जोधपुर**, (का.सं.)। जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के तत्वावधान में महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउण्डेशन पोलो मैदान, लेफ्टिनेंट जनरल एवीएम एच.एच. महाराजा उम्मेदसिंह जी एयरपोर्ट रोड़, पाबूपुरा में चल रहे 26वें जोधपुर पोलो सीजन 2025 में सोमवार 29 दिसम्बर को महाराजा सरदार सिंह कप का प्रदर्शन मैच लांसर्स व सरदार रसाला के बीच दोपहर 3 बजे खेला गया। सरदार

रसाला ने चार के मुकाबले आठ गोल कर चार गोल के अन्तर से इस मैच को जीत लिया। मैच के दौरान जोधपुर पोलो के संरक्षक पूर्व महाराजा गजसिंह मैदान में उपस्थित थे, जिन्होंने मैच समाप्ति पर विजेता टीम के खिलाड़ियों को कप व ट्रॉफियां प्रदान की।

इस दौरान गजसिंह ने जोधपुर पोलो पर आधारित एक मैग्जीन का भी विमोचन किया। मैदान म ेंउपस्थित मेहरानगढ़ बैण्ड व नाइन प्लेयड आर्मी पाईप वन मद्रास इंफ्रैन्ट्री बैण्ड ने सुमधुर धुनों से उपस्थित दर्शकों को का मनोरंजन किया।

जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के मानद सचिव इन्द्रजीत सिंह नाथावत व राजेन्द्र सिंह लीलिया पीआरओ उम्मेद भवन हाउस होल्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार लांसर्स टीम की ओर से खेलते हुए टीम के खिलाड़ी सीए शुभम गुप्ता अकेले खिलाड़ी रहे जिन्होंने चारों गोल किए। शुभम ने दूसरे व तीसरे चक्कर में एक-एक गोल व चौथे चक्कर में दो गोल किए। मुकाबले में सरदार रसाला टीम के योगेश्वर सिंह भांवरी ने पहले, दूसरे व तीसरे चक्कर में एक-एक, लोकेन्द्र सिंह ने पहले व चौथे चक्कर में एक-एक व साथी खिलाड़ी धनन्जयसिंह राठौड़ ने दूसरे चक्कर में दो व चौथे चक्कर में एक गोल किया।

मैच के अम्पायर अर्जेन्टीना के निकोलस स्कोर्टीचीनी व उदय कलान थे। रैफरी इन्द्रजीत सिंह नाथावत थे। मैच की कॉमेन्ट्री राजवी शैलेन्द्र सिंह, अंकुर मिश्रा व ऑस्ट्रेलिया के डेविड विण्डसर ने संयुक्त रूप से की।

गज सिंह ने जोधपुर पोलो पर आधारित व अंकुर मिश्रा द्वारा सम्पादित पोलो मैग्जीन का आज विमोचन किया।

मंगलवार 30 दिसम्बर से 4 जनवरी, 2026 तब पोलो ऑफ डे रखा गया है। इस दौरान कोई पोलो मैच नहीं खेला जायेगा।

5 जनवरी को इण्डियन नेवी एडमिरल पोलो कप का प्रदर्शन मैच दोपहर 3 बजे खेला जायेगा।

## बागरा में क्षार सूत्र शल्य चिकित्सा शिविर जारी

**जालोर**, (नि.सं.)। आयुर्वेद विभाग एवं राष्ट्रीय आयुष मिशन के संयुक्त तत्वावधान में पीएम श्री राजेन्द्र सूरि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बागरा में आयोजित दस दिवसीय नि:शुल्क आयुर्वेद अन्तरंग क्षार सूत्र शल्य चिकित्सा शिविर में पांचवे दिन रोगी उपचार करवाने के लिए पहुंचे।

जिला स्तरीय शल्य चिकित्सा एवं पंचकर्म चिकित्सा शिविर आमजन को सुलभ, सुरक्षित एवं प्रभावी आयुर्वेदिक उपचार उपलब्ध करवाने के साथ ही रोगों की समय पर पहचान, रोकथाम एवं समग्र स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक अत्यन्त सराहनीय एवं सफल पहल सिद्ध हो रहा है। आयुर्वेद विभाग के उप निदेशक डॉ. भवानी सिंह राजपुरोहित ने सोमवार को शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शिविर प्रभारीा मंत्री डॉ. रामेश्वर गौतम ने बताया कि शिविर में अभी तक कुल 1905 रोगियों का उपचार किया जा चुका हैं। अन्तरंग रोगी विभाग में अर्श, भगन्दर, परिकर्तिका के 80 रोगियों को भर्ती किया गया है। इसके अलावा वात रोग कटिशूल, जानुशूल आदि बीमारियों के रोगियों को भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। शल्य चिकित्सा प्रभारी डॉ. भरत सुथार ने बताया कि जिन रोगियों को मल के साथ खून आना, मल जाते समय जलन होने की समस्या हो तो ऐसे रोगी शल्य चिकित्सा शिविर में उपस्थित होकर लाभ ले सकते हैं। शिविर में पंचकर्म चिकित्सा में डॉ. ओमप्रकाश व डॉ. सांवलाराम द्वारा 65 रोगियों को पंचकर्म व अग्निकर्म चिकित्सा प्रदान की गई। आयुर्वेद विभाग के डॉ. मैना, डॉ. मनुबला, डॉ. ऋतु ने महिला रोगियों की जांच कर उपचार किया।

# 86 वां आई.पी.एस.सी. प्राचार्य सम्मेलन संपन्न

**जोधपुर**,(का.सं.)। राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, जोधपुर में आयोजित तीन दिवसीय 86 वां इंडियन पब्लिक स्कूल्स कॉन्फ्रेंस (आईपीएससी ) प्राचार्यों का सम्मेलन सोमवार को संपन्न हुआ। सम्मेलन के अंतिम दिन आईपीसी के नए अध्यक्ष का चुनाव हुआ। एल के सिंघानिया स्कूल गोटन के प्राचार्य रमेश चंद्र जोशी को सर्वसम्मति से आईपीएससी का नया अध्यक्ष बनाया गया

सोमवार को सम्मेलन के तीसरे दिन देश के प्रतिष्ठित शैक्षिणक संस्थानों से लगभग 40 प्राचार्यों सहित 80 से अधिक शिक्षाविद् सम्मेलन में शामिल हुए ,उन्होंने शिक्षा की बदलती दिशा, नवाचारी पाठ्यचर्या, प्रौद्योगिकी के संतुलित उपयोग और सहयोगात्मक शैक्षिणक पहलों पर केंद्रित चर्चाओं द्वारा इस सम्मेलन को ज्ञान-विनिमय और नीति-निर्माण के लिए एक सशक्त मंच प्रदान किया।

प्राचार्या नीरा सिंह ने बताया कि तीन दिवसीय आईपीएससी सम्मेलन में आर्मी पब्लिक स्कूल, दगशाई (हिमाचल प्रदेश), भारतीय विद्या भवन वी. एम. पब्लिक स्कूल, वडोदरा (गुजरात),बिरला बालिका विद्यापीठ, पिलानी (राजस्थान), बिरला पब्लिक स्कूल (विद्या निकेतन), पिलानी (राजस्थान), बिरला विद्या मंदिर, नैनीताल (उत्तराखंड),बी. के. बिरला सेंटर फॉर एजुकेशन, पुणे (महाराष्ट्र), डेली कॉलेज, इंदौर (मध्य प्रदेश), डोनियो पोलो विद्या भवन, ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश), जेनेसिस ग्लोबल स्कूल, नोएडा (उत्तर प्रदेश),एल. के. सिंघानिया एजुकेशन सेंटर, गोटन (राजस्थान),महारानी गायत्री देवी गर्ल्स' स्कूल, जयपुर (राजस्थान), मेयो कॉलेज, अजमेर (राजस्थान), माइल्स ब्रॉन्सन रेसिडेंशियल स्कूल, गुवाहाटी (असम), मॉडर्न स्कूल, बाराखंभा रोड (नई दिल्ली),पाइनठाोव स्कूल, धरमपुर (हिमाचल प्रदेश),राजकुमार कॉलेज, रायपुर (छत्तीसगढ़), राजमाता कृष्ण कुमारी गर्ल्स' पब्लिक स्कूल, जोधपुर (राजस्थान),राष्ट्रीय भारतीय मिलिट्री कॉलेज, देहरादून (उत्तराखंड), सेलाक्वि इंटरनेशनल स्कूल, देहरादून (उत्तराखंड),सिंधिया कन्या विद्यालय, ग्वालियर (मध्य प्रदेश),श्री दशमेश अकादमी, आनंदपुर साहिब (पंजाब),ताशी नमग्याल अकादमी, गंगटोक (सिक्किम), द दून स्कूल, देहरादून (उत्तराखंड ),द हैदराबाद पब्लिक स्कूल, बेगमपेट, हैदराबाद (तेलंगाना), द हैदराबाद पब्लिक स्कूल, रमंतापुर, हैदराबाद (तेलंगाना),द लॉरेंस स्कूल, लवडेल, ऊटी, नीलगिरि (तमिलनाडु),द लॉरेंस स्कूल, सनावर, सोलन (हिमाचल प्रदेश),द मान स्कूल, दिल्ली, द पेस्टल वीड स्कूल, देहरादून (उत्तराखंड),द पंजाब पब्लिक स्कूल, नाभा (पंजाब), द राजकुमार कॉलेज, राजकोट (गुजरात), द सागर स्कूल, तिजारा (राजस्थान),द संस्कार वैली स्कूल, भोपाल (मध्य प्रदेश),द सिंधिया स्कूल, ग्वालियर फोर्ट (मध्य प्रदेश), वल्लभ आश्रम एमजीएम अमीन एवं वी. एन. सवानी स्कूल, पारडी (गुजरात),वेल्हम बॉयज़' स्कूल, देहरादून (उत्तराखंड),वेल्हम गर्ल्स' स्कूल, देहरादून (उत्तराखंड), यादवेंद्र पब्लिक स्कूल, मोहाली (पंजाब), यादवेंद्र पब्लिक स्कूल, पटियाला (पंजाब)के प्राचार्य में शिक्षाविदों व भागीदारी निभाई।

प्राचार्य नीरा सिंह ने बताया कि सोमवार को वेलकम आईटीसी होटल में आयोजित आईपीएससी की वार्षिक आमसभा में सदस्य संस्थानों के प्रतिनिधियों ने सहयोगात्मक कार्यक्रमों, प्रौद्योगिकी के विवेकपूर्ण उपयोग, मूल्य-आधारित शिक्षा, अंतर-विद्यालयी सहभागिता और भविष्य की रणनीतिक प्राथमिकताओं पर विचार-विमर्श किया। इस सत्र में विशेष तौर पर इस बात पर जोर दिया गया कि विद्यालय विद्यार्थियों को केवल परीक्षा उतीर्ण कराने के बजाय जीवन-सिद्ध कौशल, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व स से युक्तनागरिक के रूप में तैयार करें ।उन्होंने बताया कि राजमाता कृष्णा कुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल के इतिहास में यह सम्मेलन मील का पत्थर साबित हुआ है । देश के प्रमुख शिक्षाविदों का एक मंच पर आकर विद्यालय के शैक्षिणक मिशन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान की।

विद्यालय की डीन एक्सचेंज प्रोग्राम श्रीमती सपना गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि इन तीन दिनों ने यह अहसास और मजबूत किया कि भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधताओं के बावजूद सभी शिक्षण संस्थानों का मूल उद्देश्य हर बच्चे की संभावनाओं का पोषण करना और शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की धुरी बनाना है।

# मासिक सत्संग महोत्सव में संतों ने भाग लिया



स्वामी डॉ. रामप्रकाशाचार्य महाराज के ब्रह्मलीन होने के उपलक्ष में जोधपुर में मासिक सत्संग महोत्सव का आयोजन किया।

**जोधपुर**, (कासं)। स्वामी डॉ. रामप्रकाशाचार्य महाराज के ब्रह्मलीन होने के उपलक्ष में सोमवार को मासिक सत्संग महोत्सव का आयोजन किया गया। उत्तम आश्रम (आचार्य पीठ) तथा उत्तम आश्रम मानव कल्याण समिति के तत्वावधान में आयोजित मासिक सत्संग महोत्सव में अनेक संत महात्माओं सहित भक्तों ने भाग लिया।

रामप्रकाशाचार्य महाराज के शिष्य योगाचार्य संत शुकदेवप्रसाद महाराज ने बताया कि आज सोमवार को प्रात: 11 बजे कागा तीर्थ मार्ग स्थित वैष्णव समाधि, हरिराम बगैची पर समाधि पूजन किया गया। मध्याह्न 12 बजे प्रसादी तथा उसके बाद सत्संग भजन एवं संकीर्तन का कार्यक्रम रखा गया । इस अवसर पर कई लोग उपस्थित थे।

## के.के. गुप्ता ने जोधपुर नगर निगम में ली बैठक

**जोधपुर**, (नि.सं.)। स्वच्छ भारत मिशन राजस्थान सरकार के स्टेट कोऑर्डिनेटर के के गुप्ता ने सोमवार प्रात: नगर निगम जोधपुर में अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक को संबोधित किया।

गुप्ता को नगर निगम आयुक्त द्वारा आमंत्रित किया गया है कि स्वच्छ भारत मिशन के क्षेत्र में जिस प्रकार डूंगरपुर निकाय ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि प्राप्त की है उसी प्रकार जोधपुर निगम क्षेत्र को भी स्वच्छता में आगे बढ़ाने के लिए उचित मार्गदर्शन प्रदान किया जाए आज देश और दुनिया में डूंगरपुर स्वच्छता की मिसाल बना है उसी तर्ज पर अगर हम सब मिलकर कार्य करेंगे तो आने वाले समय में जोधपुर भी स्वच्छता के नाम से जाना जाएगा। यह निर्णय किया गया कि नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 36, 8, 54, 99 और 82 को पायलट प्रोजेक्ट के तहत आदर्श वार्ड के रूप में विकसित किया जाएगा।

वार्ड सफाई निरीक्षक क्रमश: ललित रुपाणी, मोहम्मद आदिल, अपूर्व पुरोहित, मदन सिंह और लक्ष्मण सिंह को निर्देशित किया गया है कि, इन वार्डो मैं सर्वे कर हर घर का मोबाइल नंबर लेकर ग्रुप बनाया जाएगा तथा प्रत्येक घर से प्रतिदिन नियमित रूप से कचरा एकत्र होना चाहिए।

गीला तथा सूखा कचरा अलग-अलग एकत्रित किया जाए। कचरा संठाहण में टाइम बॉन्डिंग रहनी चाहिए तथा यह कार्य 365 दिन चलना चाहिए कचरा संग्रहण का समय प्रात: 6:00 बजे से 10:00 बजे तक का होना चाहिए जिसकी मॉनिटरिंग जीपीएस सिस्टम एवं जिओ टेक से की जाए। आगामी एक महीने के भीतर अन्य सभी 95 वार्ड को भी स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया गया।

# गणतंत्र दिवस की तैयारी सहित कार्यों की समीक्षा

**पाली**, (नि.सं.)। जिला कलक्टर एलएन मंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक बैठक आयोजित हुई। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से विभागवार प्रगति की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए साथ ही उन्होंने गणतंत्र दिवस की तैयारियों एवं एसडीआरएफ के कार्यों की भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने पंच गौरव योजना के अंतर्गत वित्तीय स्वीकृति प्राप्त बजट से किए जाने वाले कार्यों, व्यय, मशीनरी खरीद तथा राजीविका द्वारा महिलाओं को दी जा रही प्रशिक्षण गतिविधियों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण सुनिश्चित करने के आदेश दिए। गणतंत्र दिवस की पूर्व तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग से प्रगतिरत सड़कों, अटल प्रगति पथ एवं पूर्ण कार्यों की जानकारी लेते हुए गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। जवाई जल मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित नल एवं विद्युत कनेक्शनों तथा पूर्ण किए गए कार्यों की जानकारी ली और बकाया कनेक्शन करने में तेजी लाने को कहा। उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को निरीक्षण कार्य कर एसएसओ आईडी से अपलोड करने के निर्देश दिए। समसा के कार्यों पर भी समीक्षा कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

उन्होंने पर्यटन विभाग, खेल, एवं वन विभाग से बकाया कार्यों के कार्यादेश जारी किए जाने को कहा।

नगर निगम व यूआईटी, व सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़क, पुलिया, नाला इत्यादि कार्यों को करवाने के लिए मांगपत्र सहित तखमीना भेजने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश प्रदान किए चिकित्सा विभाग से मौसमी बीमारियों की वस्तु स्थिति, उपलब्ध दवाइयों एवं प्रगतिरत कार्य पूर्ण होने के कार्यों के उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किए।

जिला कलेक्टर मंत्री ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी को बकाया पट्टों का शीघ्र वितरण पूर्ण करने एवं वेस्ट प्लास्टिक निस्तारण के संबंध में निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त से प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत किश्त भुगतान, मालिकाना हक एवं अन्य प्रगति की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने संबंधित विभाग को गोपाल क्रेडिट कार्ड जारी करने एवं रेनबसेरो तथा सड़क सुरक्षा कार्य को सुचारू रखने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ बजरंग सिंह, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीलिंग ओम प्रभा,मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी महेंद्र मेहता उपखंड अधिकारी विमलेंद्र राणावत, सार्वजनिक निर्माण विभाग से दिलीप परिहार, बिजली विभाग से मनीष माथुर, पुलिस विभाग से सुधड़ सिंह, नगर निगम आयुक्त नवीन भारद्वाज, रसद अधिकारी सहित समस्त विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

वहीं राजस्थान अन्य पिछड़ा वर्ग (राजनैतिक प्रतिनिधित्व) आयोग, राजस्थान सरकार द्वारा 30 दिसंबर को जिला कलेक्ट्रेट सभागार, पाली में दोपहर 2.30 से 4.30 बजे तक जिला स्तरीय जनसंवाद एवं परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## किशनाराम गुर्जर को 'एम्प्लॉय ऑफ द मंथ' सम्मान

**जोधपुर**, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल में सजगतापूर्वक एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ ड्यूटी का निर्वहन करने पर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने सोमवार को सुजानगढ़ रेलवे स्टेशन पर कार्यरत वरिष्ठ तकनीशियन किशना राम गुर्जर को एम्प्लॉय ऑफ द मंथ पुरस्कार से सम्मानित किया।

वरिष्ठ तकनीशियन किशना राम गुर्जर ने अक्टूबर के दौरान मंडल के डेगाना-रतनगढ़ रेल खंड में उत्पन्न विद्युत संबंधी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अनुकरणीय कार्य निष्पादन करते हुए अन्य विभागों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर विभिन्न समस्याओं के समाधान में भी तत्परता दिखाई।

इस सराहनीय एवं जिम्मेदाराना कार्य निष्पादन के परिणामस्वरूप मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी द्वारा उन्हें 'एम्प्लॉय ऑफ द मंथ-अक्टूबर' पुरस्कार प्रदान किया गया। वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (कर्षण) महेंद्र कुमार मीणा, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक लोकेश कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिषेक गांधी उपस्थित रहे।

# नर्सिंग भर्ती की मांग खून से लिखी

**जोधपुर**, (कासं)। प्रदेश स्तरीय आ ान के तहत जोधपुर के डॉ. एसएन मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग और पैरामेडिकल कर्मचारियों ने आगामी नर्सिंग भर्ती में मेरिट बोनस अंक (10, 20, 30) के आधार पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की मांग को लेकर एक अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने अपने खून से सौ पोस्टकार्ड लिखकर मुख्यमंत्री और चिकित्सा मंत्री के नाम भेजे।

नर्सिंग और पैरामेडिकल कर्मचारियों का कहना है कि यह कदम उनकी लंबे समय से चल रही संघर्ष की भावना को दर्शाता है। उनका आरोप है कि पिछले कुछ वर्षों से नर्सिंग भर्ती में सिर्फ अनुभव और अन्य मानकों को प्राथमिकता दी जा रही है, जबकि कर्मचारियों की मेहनत और मेरिट को नजरअंदाज किया जा रहा है।

इस पोस्टकार्ड अभियान का उद्देश्य सरकार और संबंधित अधिकारियों का ध्यान इस गंभीर मुद्दे की ओर आकर्षित करना है।

# लैब सहायक भर्ती में याची का रिजल्ट अविलम्ब घोषित करने के आदेश

**जोधपुर**, (कासं)।राजस्थान उच्च न्यायालय ने राज्य के चिकित्सा विभाग द्वारा बारबार अन्याय व उत्पीड़न के गंभीर मामले पर आज लैब सहायक भर्ती-2018 में याचिकाकर्ता का रिजल्ट अविलम्ब घोषित करने व नियुक्ति देने के दिये आदेश पारित किए। एक ही अनुभव अवधि को कंसीडर करवाने के लिए तीसरी बार रिट याचिका लगाई लगाई थी। कोर्ट ने बिना कारण नियुक्ति रोकना मनमाना और अन्यायपूर्ण होना बताया।

सात साल की लंबी प्रतीक्षा के बाद याचिकाकर्ता को न्याय मिला। दो माह के भीतर समस्त परिलाभ सहित नियुक्ति दिए जाने अहम आदेश दिए गए। अधिवक्ता यशपाल ख़िलेरी ने पैरवी की।

राजस्थान हाइकोर्ट वरिष्ठ जस्टिस सुश्री रेखा बोराणा की एकलपीठ से राहत मिली है।

पण्डितजी की ढाणी, ओसियां ज़िला जोधपुर निवासी करनी सिंह उदावत की ओर से अधिवक्ता यशपाल ख़िलेरी ने बताया कि याचिकाकर्ता 01 अप्रैल 2011 से 31 मार्च 2012 तक लैब तकनीशियन पद पर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ओसियां के अधीन कार्यरत रहा है, जिसके कार्य अनुभव को सीएमएचओ, जोधपुर द्वारा निर्धारित फॉरमेट में जारी नहीं करने पर लैब सहायक भर्ती-2013 चयन प्रक्रिया में याचिकाकर्ता को कंसीडर नहीं किया गया। जिस पर याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुई पहली रिट याचिका को हाइकोर्ट एकलपीठ ने निर्णय 10 अक्टूबर 2017 से स्वीकार करते हुए निर्धारित फॉरमेट में अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने के आदेश दिए। उक्त भर्ती में मेरिट में नहीं आने से याचिकाकर्ता का चयन नहीं हुआ।

फ़िर चिकित्सा विभाग, राजस्थान सरकार ने लैब सहायक भर्ती-2018 निकाली। जिसमे बोनस अंक देने के लिए जारी होने वाले अनुभव प्रमाण पत्र का फॉरमेट बदल दिया गया, जिस पर याचिकाकर्ता ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जोधपुर कार्यालय में उसी कार्य अवधि का अनुभव प्रमाण पत्र नए फॉरमेट में जारी करने हेतु निवेदन किया, लेकिन सीएमएचओ जोधपुर ने जारी करने से इन्कार कर दिया, जिसपर याचिकाकर्ता ने पुनः वर्ष 2018 में दूसरी रिट याचिका पेश की, जिसमें हाइकोर्ट एकलपीठ ने अंतरिम आदेश देते हुए नये फॉरमेट में अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने और चयन प्रक्रिया में आगे सम्मलित करने के आदेश दिए।

अंतरिम आदेश की पालना में अनुभव प्रमाण पत्र तो जारी कर दिया गया लेकिन उसे यह कहते हुए कंसीडर करने से मना कर दिया गया कि अनुभव प्रमाण पत्र विज्ञिप्त की अंतिम तिथि (30 जून 2018) के बाद जारी किया गया।। चिकित्सा विभाग का उक्त उत्तर बड़ा आश्चर्यजनक था क्योंकि एक तरफ अन्तिम निर्धारित तिथि तक निर्धारित फॉरमेट में अनुभव प्रमाण पत्र जानबूझकर जारी नहीं किया गया और हाइकोर्ट के अंतरिम आदेश की पालना में अनुभव प्रमाण पत्र जारी करने के बाद यह कहना कि अनुभव प्रमाण पत्र देरीना और विज्ञिप्त की अंतिम निर्धारित तिथि के बाद जारी किया गया, इसलिए स्वीकार्य नहीं है", बहुत ही विचित्र और हास्यास्पद कथन है। जिसपर उसी अनुभव अवधि को कंसीडर करवाने के लिए वर्ष 2022 में याचिकाकर्ता को मज़बूरन तीसरी रिट याचिका दायर करनी पड़ी।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता ख़िलेरी ने बताया कि चिकित्सा विभाग, राजस्थान सरकार के अधिकारी किस तरह निष्ठुरता, मनमानी, मनमर्जी एवं असंवेदनशील बर्ताव का परिचय देते हैं, उसका यह जीता-जगता उद्धहरण हैं, जिसमे एक ही कार्य अनुभव अवधि (01.04.2011 से 31.03.2012) को कंसीडर करवाने के लिए एक ही आशार्थी को चौथी बार (एक अवमानना याचिका और तीन रिट याचिकाये) उच्च न्यायालय का दरवाज़ा खटखटाना पड़ा है, ऐसे में भारी कोस्ट सहित रिट याचिकाओ को स्वीकार करने की गुहार लगाई गई।

तीसरी रिट याचिका में हाइकोर्ट ने पुनः अंतरिम आदेश दिनांक 05 फ़रवरी 2022 पारित करते हुए अनुभव को कंसीडर करने और 10 बोनस अंक मिलने के बाद मेरिट में आने पर उसे आगे की चयन प्रक्रिया में सम्मलित करने का आदेश दिया।

बावजूद इसके, चिकित्सा विभाग के अधिकारियों का कृत्य जस का तस रहा और याचिकाकर्ता का रिजल्ट घोषित करने से रोक दिया गया और अन्य कनिष्ठ अभ्यर्थियों को दिनाँक 05.08.2022 से नियमित नियुक्तियां दे दी गई।

जबकि याचिकाकर्ता चिकित्सा विभाग के हठधर्मिता औऱ असंवेदनशीलता की वजह से मेरिट में आने के बावजूद नियुक्ति से महरूम है।

याची के अधिवक्ता के तर्कों से सहमत होते हुए और रिकॉर्ड का परिशीलन पश्चात हाइकोर्ट जस्टिस सुश्री रेखा बोराणा की एकलपीठ ने दोनो रिट याचिकाये स्वीकार करते हुए चिकित्सा विभाग को आदेश दिए कि याचिकाकर्ता का रिजल्ट तुरन्त प्रभाव से घोषित करें औऱ मेरिटनुसार उसे समस्त पारिणामिक परिलाभ व सीनियोरिटी सहित दो माह के भीतर भीतर लैब सहायक पद पर नियुक्ति देवे।

## 'फाईनेंस कंपनी स्वर्ण आभूषण परिवादी को वापस लौटाए'

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जिला उपभोक्ता आयोग ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में लोन प्रदाता फाइनेंस कंपनी को दिये आभूषण लौटाने के आदेश।

इस संबंध में जिला आयोग के रीडर मदनसिंह भाटी ने बताया कि जैसलमेर निवासी श्रीनाथ बिस्सा ने जिला आयोग के समक्ष एक वाद प्रस्तुत कर आईआईएफएल फाईनेंस के पास रखे उसके 50.3 ग्राम सोने के आभूषण जो उसने गोल्ड लोन राशि रुपये 2 लाख 9 हजार 4सौ रुपये लेने के लिए फाइनेंस कंपनी के पास रखे थे अनुबंध के अनुसार 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की अदायगी की दर से लोन राशि प्राप्त की थी।

फाईनेंस कंपनी द्वारा निर्धारित व्याज दर से अधिक ब्याज दर लगाते हुए राशि भुगतान करने अथवा सोने के आभूषणों की सार्वजनिक बिकी करने का उल्लेख करते हुए नोटिस दिया।

आयोग के अध्यक्ष एवं पीठासीन अधिकारी पवनकुमार ओझा एवं सदस्य रमेशकुमार गौड़ ने उक्त प्रकरण की सुनवायी कर फाईनेंस कंपनी को नोटिस भेजा,उपस्थित नही होने पर कम्पनी के विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की गई कि

बकाया लोन राशि का भुगतान करने पर परिवादी को उसके स्वर्ण आभूषण वापस लौटावें।

परिवादी को हुए मानसिक, शारीरिक, आर्थिक परिवाद व्यय पेटे एकमुश्त 15हजार रुपये अदा करें। उक्त आदेश की पालना निर्णय की तिथि से 45 दिन मे की जावें।

पालना नहीं करने पर सम्पूर्ण देय राशि पर ताअदायगी 9 प्रतिशत की दर से ब्याज अदा करे।

# मंत्री के.के. विश्नोई को लोगों ने समस्याएं बताई

**गुड़ामालानी**, (निसं)। मुख्यालय के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में चार दिवसीय मेघवाल समाज क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन 2 का समापन समारोह आयोजित हुआ ।

समापन समारोह में आये खेल उधोग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री कृष्ण कुमार विश्नोई कार्यक्रम में पहुंचे और कार्यक्रम समापन पर मंत्री जैसे ही उठे तो वाहन तक पहुंचने से पहले ही गुडामालानी सहित आस पास क्षेत्रों के आये समस्याओं से परेशान फरियादियो ने उन्हें घेर लिया और समस्याओं की झडी लगा दी।

मंत्री ने उनके ज्ञापन लेकर कार्यवाही करने का हवाला देते हुए निकल गये। गुडामालानी विधायक एवं मंत्री कृष्णा कुमार विश्नोई क्षेत्र के धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों में हर महीने में दो तीन बार क्षेत्र के दौरे पर जरुर रहते है, पिछले काफी समय से उसके दौरे के दौरान जन सुनवाई कार्यक्रम व तय शिविर नही होने के कारण क्षेत्र व गांव के लोग अपनी जन समस्याएं उन तक नहीं बता पाते हैं । ऐसे में रविवार को भी क्रिकेट प्रतियोगिता समापन कार्यक्रम के दौरान भी जैसे ही कार्यक्रम का समापन हुआ तो गुडामालानी सहित आसपास के गांव से समस्या लेकर पहुंचे फरियादियों ने उनकी गाडी तक जाने से पहले ही उन्हें राज्य मंत्री को अपनी पीड़ा व समस्याएं बताने लगे, लेकिन मंत्री जी को आगे अन्य किसी कार्यक्रम में भाग लेने का समय तय होने के कारण वह काफी जल्दबाजी में दिखे । इस दौरान फरियादियों ने उन्हें गाडी में चढने से पहले ही समस्या को लेकर ज्ञापन देने शुरू कर दिए। इस दौरान गुडामालानी राज्य मंत्री केके विश्नोई को गुडामालानी में मेघवाल समाज सहित अन्य सात समाज के बालिका छात्रावास के लिए पूर्व में आमंत्रित भुमि पर कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण करने को लेकर सात समाज के दर्जनों लोगों ने ज्ञापन सौपा।

वहीं गुडामालानी मैं नगर पालिका की आबादी भूमि पर पिछले कई महीनो से हुए अतिक्रमण एवं पर्यटन एवं सरकारी भूमि,गोचर भूमि पर हुए अतिक्रमण को लेकर स्थानीय नागरिकों ने ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की । इस दौरान नगर पंचायत में सिंचाई के लिए पानी नहीं मिलने को लेकर ग्रामीणों ने ज्ञापन सौपा। जिस पर मंत्री ने ज्ञापन लेकर उचित करवाई करने का आश्वासन देकर रवाना हो गए। फरियादीयों की भीड़ रही।


## कार्यालय नगरपालिका तखातगढ़ जिला-पाली राजस्थान

क्रमांक: न.पा.त. / विकास / 2025 / 6095 दिनांक : 23.12.2025

**-: ई-निविदा सूचना :-**

नगरपालिका तखतगढ की ओर से निम्न बनयों हेतु उपयुक्त श्रेणी में विभिन्न राजवीय विभागों एवं मन्यता प्राप्त पंजिकृत ठेकेदारों से ई-निविदा द्वारा विभिन्न विकास कार्यो की निविदा आमत्रित की जाती है। आंशिक अथवा पूर्णत निविदा स्वीकृतत / अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा स्वीकृत अधिकारी को होगा। निविदा की विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईड www.sppp.rajasthan.gov.in or www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। UBN CODE: DLB2526A9437

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग शुल्क | धरोहर राशि 2% | UBN NO. | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Beautification of divider at near nehru road at takhatgarh | 9.99 | 500 | 500 | 19980 | DLB2526WSO28197 | 12 माह |

| | |
|---|---|
| निविदा जारी दिनांक व समय | 23.12.2025 / Time 18.00 |
| निविदा दस्तावेजो को डाउनलोड़ करने शुरुआती दिनांक व समय | 24.12.2025 / Time 18.00 |
| निविदा दस्तावेजों को जमा करचाने हेतु शुरुआती दिनांक व समय | 25.12.2025 / Time 18.00 |
| निविदा दस्तावेजों को जमा करवाने हेतु अन्तिम दिनाक व समय | 30.12.2025 / Time 18.00 |
| तकनिकी बिड / वित्तीय खोलने की दिगांक व समय | 31.12.2025 / Time 18.00 |
| बिड की वैधता समयवधि | 90 दिन |

अध्यक्ष
नगरपालिका तखतगढ़

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका तखतगढ़

राज.संवाद / सी / 25 / 16572